शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ
संत ज़ेवियर कॉलेज, रांची

रजिस्ट्रार फादर केनेडी का जन्म दिन

दिनांक: 28-10-2024
स्थान: कॉलेज ऑडिटोरियम

संत जेवियर कालेज के रजिस्ट्रार फा0 प्रभात केनेडी सोरेंग ये.स. के जन्म दिन के उपलक्ष्य में शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ की ओर से 28 अक्टूबर 2024 अपराहन 2.30 बजे फा डिब्रावर सभागार में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षकेत्तर दीदियों और भाईयों ने सुमधुर गीत का गायन करते हुए प्रकृति प्रेमी फा0 केनेडी को प्रकृति में पुष्पित फूलों एवं हरे भरे पत्तों से बनी सुंदर हारमाला और फूल गुच्छा देकर जन्मदिन की बधाई दी। केक काट कर फा केनेडी ने अपने जन्म दिन में खुषी को दुगुना किया।

प्रिंसिपल डा. फा नबोर लकड़ा ने अपने आर्षीवचन में फा केनेडी की कर्मठता, सरलता, प्रकृति प्रेम, कैम्पस एवं मैदान की हरियाली. पठन पाठन को सुचारू रूप से सम्पन्न किये जाने हेतु समन्वयक के रूप में किये जा रहे सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

फा केनेडी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि प्रकृति के प्रति सम्मान आदर को कायम रखें। उन्होंने पौधों एवं जैव विविधता को बनाये रहने के लिए कचरा का सही तरह से निष्पादन और पुर्न उपयोग करने का सुझाव दिया।

कार्यक्रम के संचालक अध्यक्ष कमल सर ने सभी शिक्षकेत्तर सहकर्मियों को उनकी उपस्थिति एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का समापन जलपान के साथ किया गया।